## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- सातवें चरण में 1 जून को होने वाले मतदान के लिए दुमका से सीता सोरेन और नलिन सोरेन, राजमहल से विजय हांसदा और गोड्डा से निशिकांत दूबे 10 मई को भरेंगे नामांकन पर्चा।

2- ईडी की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल होंगे निलंबित, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सहमति के बाद सरकार ने शुरू की प्रकिया।

3- देवघर एयरपोर्ट से एक जून से सप्ताह में तीन दिन के लिए देवघर–बेंगलुरू की सीधी फ्लाइट होगी शुरू।

4- वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत राज्य के कई जिलों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान।

5- पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, तीन नक्सली बंकर ध्वस्त, विस्फोटक बरामद।

*********************

आम चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद राजमहल अनुसूचित जनजाति आरक्षित लोकसभा सीट से अभी तक कुल पांच लोगों ने नामांकन पर्चा खरीदा है। समता पार्टी से लिली हसदा जो पूर्व में जिला परिषद सदस्य भी चयनित हुई थी कल नामांकन दाखिल करेंगी, वहीं भारतीय जनता पार्टी से ताला मरांडी तथा इंडी गठबंधन के विजय हासदा का 10 मई को नामांकन करना संभावित माना जा रहा है। बता दें कि झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। वहीं दुमका संसदीय सीट से एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार सीता सोरेन और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार नलिन सोरेन 10 मई को नामांकन करेंगे। इधर गोड्डा से कल 12 नामांकन पर्चा खरीदा गया। एनडीए प्रत्याशी निशिकांत दुबे 10 मई को और इंडी गठबंधन के प्रदीप यादव 13 मई को नामांकन दाखिल करेंगे।

*********************

सातवें और अंतिम चरण में गोड्डा और दुमका लोकसभा के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो गयी है। इसी के साथ नामांकन भी गोड्डा और दुमका में शुरू हो गया है। नामांकन 14 मई तक, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन 15 मई, नाम वापसी की अंतिम तारीख 17 मई तक है। उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि लोकसभा चुनाव में देवघर जिले में लगभग 11 लाख 15 हजार 116 वोटर हैं, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है।

*********************

प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों के दौरान एनडीए सरकार की उपलब्धियों का श्रेय जनता को दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें मिले वोट ने देश को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया। ऐसे कई उपाय जनता के वोट के कारण ही संभव हो सके। आज सुबह करीमनगर लोकसभा क्षेत्र के वेमुलावाड़ा में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया।

*********************

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव के न्यायिक हिरासत में चले जाने की सूचना के बाद सरकार के स्तर पर उन्हें निलंबित करने की संचिका बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सहमति के बाद उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। चूंकि वह झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं, ऐसे में कार्मिक विभाग द्वारा उन्हें निलंबित करने का आदेश जारी किया जाएगा। सोमवार को संजीव लाल के आवास पर ईडी ने छापामारी की थी। छापामारी में नकद भी बरामद किया गया था। इसके बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

*********************

देवघर एयरपोर्ट से एक जून से देवघर–बेंगलुरू की सीधी फ्लाइट शुरू होने वाली है। महज ढ़ाई घंटा में देवघर से बेंगलुरू की यात्रा पूरी होगी। इंडिगो की यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन चलेगी। 186 सीट वाली यह विमान सेवा मंगलवार, वृहस्पतिवार और शनिवार को होगी। सांसद डा. निशिकांत दुबे ने कहा कि एक जून से यह फ्लाइट शुरू होगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

गोड्डा जिले में लगातार वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कई स्कूलों एवं कॉलेज में छात्र–छात्राओं के बीच स्वीप के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया गया। सभी 09 प्रखंडों में हर एक बूथ पर मैं भी इलेक्शन एंबेसडर इंटरनेट मुहिम मतदाता जागरूकता महा अभियान चलाया गया.। इधर पाकुड़ के हिरनपुर प्रखण्ड में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इधर हजारीबाग में डाककर्मियों ने मतदान करने और अपने क्षेत्र के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

********************

सिंहभूम संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले में इस बार मतदान केन्द्रों पर सामान्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में भाकपा माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कल देर रात पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाकर गोईलकेरा और टोंटों थाना क्षेत्र के राजबासा जंगल के पास से 350 पीस डेटोनेटर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है।

********************

आज गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर की जयन्ती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री टैगोर को उनकी जयंती पर याद किया। प्रधानमंत्री पुण्य स्मरण करते हुए एक्स हैंडल पर लिखा, कि उनकी स्थायी बुद्धिमत्ता और प्रतिभा पीढ़ी दर पीढ़ी असंख्य लोगों को प्रेरित और प्रबुद्ध करती रहती है।

********************

आज विश्व रेड क्रॉस दिवस और रेड क्रिसेंट दिवस है। यह दिवस संरक्षण सहायता, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सहायता और एकजुटता की आवश्यकता वाले लोगों के साथ काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयंसेवकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष आठ मई को अंतराष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आन्दोलन की विचारधारा और मानवीय कार्य के सम्मान में मनाया जाता है।

********************

हजारीबाग के चुरचू क्षेत्र में जंगली हाथियों का झुंड देखा गया। ग्रामीण हाथियों के झुंड को गांव से दूर भगाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि हाथियों का झुंड को गोंदवार के जंगल में देखा गया हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दे दी

*********************

आईपीएल क्रिकेट में आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। वहीं कल रात दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में डेल्ही कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रनों से हरा दिया। डेल्ही कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर दो सौ इक्कीस रन बनाए थे। डेल्ही के लिए अभिषेक पोरेल ने 36 गेंदों में पैंसठ रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि जेक फ्रेजर–मैकगर्क ने मात्र 20 गेंदों में 50 रन बनाए। वहीं राजस्थान की ओर से आर अश्विन ने तीन विकेट लिए।

*******समाप्त**************